## महत्वपूर्ण एवं खास

### मिलाद-उन-नबी पर राज्यपाल की मुबारकबाद

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मिलाद-उन-नबी के अवसर पर प्रदेशवासियों को मुबारकबाद दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) लोगों में प्रेम, समानता और सौहार्द्र का संदेश देता है। यह अवसर गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने तथा समाज में व्याप्त विषमताओं को दूर कर एकरूपता स्थापित करने पर जोर देता है।

### परिवार समेत मतदान करने पहुंचे डॉ. चरणदास महंत, बोले- लोकतंत्र पर मेरी गहरी आस्था

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। सक्ति विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. चरणदास महंत अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचकर मतदान किया। इसके पहले उन्होंने पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने अपने गृहग्राम सारागांव के मतदान केंद्र क्रमांक 38-4 घ में पहुंचकर मतदान किया।

मंगलवार की सुबह डॉ. महंत पूजा अर्चना के बाद अपने गावँ के निकट मतदान केंद्र पहुंच कर पूरे उत्साह के साथ मतदान किया इस दौरान उनकी पत्नी ज्योत्सना महंत के अलावा पुत्र सूरज महंत, बेटी सुरभि,डॉ. सुप्रिया, डॉ. भानु प्रिया ने भी मतदान किया। इस अवसर पर डॉ.महंत ने कहा की लोकतंत्र के इस महापर्व में मेरी गहरी आस्था है और सभी को इस पर्व का हिस्सा बनना चाहिए।

### कर्मचारियों की कमी से बंद होंगे टीवी प्रसारण केंद्र

जगदलपुर (आरएनएस)। अगले कुछ माह में बस्तर स्थित कोंटा नारायणपुर और किरंदुल के टीवी प्रसारण रिले केंद्र बंद हो सकते हैं और सूत्रों के अनुसार इन केंद्रों के बंद करने का निर्णय कर्मचारियों की कमी से किया जा रहा है वहीं दूरदर्शन के चार प्रसारण केंद्रों को तो तत्काल प्रभाव से 16 नवंबर से ही बंद कर दिया जायेगा।

इस समय बस्तर संभाग में दूरदर्शन के कांकेर, पखाजुर, बीजापुर , कोंडागांव, कोयलीबेड़ा सहित नारायणपुर व कोंटा में रिले केंद्र संचालित हो रहे हैं।

### युवक को ईट मारकर किया घायल

रायपुर (आरएनएस)। युवक को ईट मारकर सिर फोड़ने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294,506,323 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार हिमांसु निषाद 24 वर्ष पिता श्रीराम निषाद निवासी रावणभाठा पास टिकरापारा ने काली मंदिर के पास रावणभाठा में सुभित श्रीवास्तव तेलीबांधा निवासी को घर पास गाली गलौज करने से मना करने पर विवाद करने लगा व गाली गलौच करते हुये युवक पर ईट से हमला कर सिर फोड़ दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध कायम टिकरापारा थानें में किया गया है।

### अवैध रुप से पटाखा बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। तेलीबांधा पुलिस ने अवैध रुप से पटाखा बेचते समय युवक को गिरफ्तार किया है। बिना लाईसेंस पटाखा बेचते पाये जाने पर उसके खिलाफ धारा 9 ख वि.पदार्थ अधिनियम 1884 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार महेश्वर कुर्रे 35 वर्ष पिता बनउराम कुर्रे निवासी ग्राम जोरा तेलीबांधा को देवउठनी एकादशी के दिन जोरा बाजार चौक पास आरोपी को बिना लाईसेंस अवैध रूप से पटाका बिक्री करते पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है। युवक के पास से जप्त किये गये पटाखे की कीमत लगभग 10 हजार रुपये आंकी गई है।

# आपका वोट पूरी तरह गोपनीय रहेगा : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

### नेत्रहीन और शिथिलांग व्यक्तियों के सहायकों सहित पोलिंग एजेंटों के लिए भी मतदान की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्यः वरना हो सकती है तीन महीने की सजा

### मतदान केन्द्रों में मोबाइल फोन सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंध

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ईव्हीएम/व्हीव्हीपेट में मतदान की शत-प्रतिशत गोपनीयता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने मतदाताओं को विश्वास दिलाया है कि उनका वोट पूरी तरह गोपनीय रहेगा। उन्होंने कहा है कि एक राजनीतिक पार्टी विशेष द्वारा मतदान केन्द्रों में अपने पोलिंग एजेंटों के माध्यम से हर 16 सेकेण्ड में व्हीव्हीपेट पर्ची देखकर हार जीत का आंकलन किए जाने के बारे में प्रचारित जानकारी पूरी तरह भ्रामक और निराधार है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री साहू ने बताया कि मतदान प्रक्रिया के संबंध में निर्वाचन संचालन नियम 1961 प्रचलन में है, जिसके नियम 49 (एल) के तहत मत रिकार्ड करने की अनुमति दी गई है, लेकिन नियम-49 (एम) के तहत मतदान करने वाले व्यक्ति के लिए यह बाध्यकारी है कि अपने मत की गोपनीयता को बनाए रखेगा।

मतदान के दौरान मत डालने के लिए वैलेटिंग यूनिट और व्हीव्हीपेट को वोटिंग कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। मतदाता को उस कम्पार्टमेंट में उपस्थित होकर मत डालना होगा। इस व्यवस्था का प्रबंधन इस रीति से किया जाएगा कि व्हीव्हीपेट में मतदाता के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति को मतदाता द्वारा डाला गया मत दिखायी नहीं देगा। व्हीव्हीपेट में सात सेकेण्ड तक मतदाता



को अपने द्वारा डाले गए वोट के प्रत्याशी का क्रमांक, नाम और प्रतीक चिन्ह दिखायी देगा। उसके बाद यह मतदाता पर्ची स्वयं कटकर व्हीव्हीपेट के ड्रॉप बाक्स में गिर जाएगी।

उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के तहत मतदान करने वाले व्यक्ति और नेत्रहीन/ शिथिलांग व्यक्ति को मतदान करने के लिए सहायक सहित मतदान अभिकर्ताओं के लिए मतदान की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है। इसके उल्लंघन पर तीन महीने की सजा का प्रावधान किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईव्हीएम/व्हीव्हीपेट का उपयोग करने के लिए मतदान की प्रक्रिया इस प्रकार निश्चित की गई है कि प्रत्येक मतदाता के मतदान की गोपनीयता बनी रहे। इसके लिए मतदान केन्द्रों में मोबाइल फोन सहित अन्य सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को प्रतिबंधित किया गया है। वेबकास्टिंग जिन मतदान केन्द्रों में किया जाएगा, वहां भी वेबकैमरों को इस प्रकार स्थापित किया जाएगा कि मतदान की गोपनीयता बनी रहेगी। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केन्द्र में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को भी लगातार निगरानी के लिए लगाया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के आम चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश और मतदान की मानक प्रक्रिया के अनुपालन में ही मतदान सम्पन्न कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## अब मध्यप्रदेश-राजस्थान के प्रचार में अपना हुनर दिखाएंगे बस्तर के नेता

जगदलपुर (आरएनएस)। बीस नवंबर को छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का विधानसभा का चुनाव निपटाकर मध्यप्रदेश और राजस्थान में 28 नवंबर को होने वाले चुनाव के प्रचार के लिए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों दलों की ओर से मध्यप्रदेश और राजस्थान में प्रचार के लिए रणनीति तैयार होने लगी है। प्रचार के लिए इन दोनों राज्यों में जाने वाले नेताओं में बस्तर के नेता भी शामिल होंगे।



बस्तर के नेताओं में आदिवासी वर्ग के नेता मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में और राजस्थान से संबंध रखनें वाले बस्तर के स्थानीय नेता राजस्थान भेजे जा सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सचिव किरण देव से इस संबंध में चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के चुनाव के लिए 18 नवंबर को प्रचार थम गया है। बस्तर से प्रचार के लिए गए नेता एक दो दिनों में वापस लौट आएंगे।

## रास्ते में चलते अचानक पैर फिसलने से 300 फुट गहरी खाई में गिरा युवक हुई मौत

कुल्लू। कुल्लू जिला की गड़सा घाटी के पारली पंचायत के नजा गांव में व्यक्ति की घर जाते समय अचानक पैर फिसल कर ढांक से गिरने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नजा गांव का बेली राम (43) पहाड़ी से घर जा रहा था कि रास्ते में अचानक पैर फिसलने से 300 फुट गहरी खाई में जा गिरा, जिससे उसके सिर में गहरी चोट लगी और उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को



कब्जे में लेकर कुल्लू अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

डी.एस.पी. कुल्लू आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिस को परिजनों ने सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की मौत ढांक से गिरकर सिर में गहरी चोट लगने से हुई है।

### महज छिंद रस चोरी पर हत्या, आरोपी को उम्र कैद की सजा




जगदलपुर (आरएनएस)। महज छिंद पेड़ से रस चुराकर पीने पर हुयी हत्या के मामले में दोष सिद्ध पाकर बस्तर के सत्र न्यायाधीश ने आरोपी साधुराम कश्यप को उम्र कैद की सजा सुनायी।

लोक अभियोजनक दिनेश पाणिग्राही ने बताया कि 7 जनवरी 2018 की शाम 7 बजे बाघनपाल के भुरसापारा में रहने वाला आरोपी साधुराम कश्यप हाथ में कडरी और लट्ठ लेकर इसी गांव के मोसू के घर बलात् प्रवेश किया और आंगन में इमली पेड़ के नीचे आग सेक रही उसकी पत्नी सुकड़ी की डंडे से पिटाई शुरू कर दी।

## राजधानी रायपुर में मतदान को लेकर भारी उत्साह

### मतदान केन्द्रों में लंबी मतदाताओं की लंबी कतार

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शहर के अधिकांश पोलिंग बूथों पर सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। वहीं सुबह 10 बजे तक अधिकांश मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी कतार लग चुकी थी।



राज्य की शेष 72 विधानसभा सीटों के लिए मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजधानी रायपुर में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लग रही है।

सबसे ज्यादा उत्साह रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट और रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट पर देखने को मिल रही है। इन दोनों ही सीटों पर चुनाव काफी रोचक बना हुआ है। रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट के कुछ मतदान केन्द्रों में ईवीएम मशीनों के खराब होने की जानकारी मिली है।

यहां के मतदाताओं ने आरोप लगाया कि मतदान शुरू होने के समय ईवीएम मशीनें खराब निकली, इससे मतदाताओं ने गड़बड़ी की भी आशंका जताई है। ईवीएम मशीनों के खराब होने की सूचना मिलने पर कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता यहां पहुंच गए थे। वहीं पीठासीन अधिकारियों ने मशीनों की तकनीकी खराबी की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी और इसके बाद नई व्यवस्था बनाई गई। इधर रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी राजेश मूणत ने सुबह कतार में लगकर अपना मतदान किया। इधर रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर मचे घमासान के बीच मतदाता स्वस्फूत ढंग से मतदान केन्द्रों तक पहुंचे।

यहां सुबह से ही मतदाता मतदान केन्द्रों के बाहर पहुंच गए थे। इस बार मतदाताओं का उत्साह यह भी देखने को मिला कि मतदान के शुरू होने के पूर्व ही कई केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी कतार लग चुकी थी। इस तरह के नजारे दक्षिण विधानसभा सीट के टिकरापारा, मठपारा जैसे इलाकों में देखने को मिली। वहीं मठपुरैना जैसे इलाकों में मतदान की शुरूआती रफ्तार काफी धीमी रही।

## ब्लैक होल का पता लगाने के लिए, जानें कैसे करे वीआर का उपयोग



ब्लैक होल की प्रकृति को बेहतर तरीके से समझने के लिए वैज्ञानिकों ने हमारी आकाशगंगा के केंद्र में स्थित ब्लैक होल सैजीटेरियस ए के प्रतिरूप वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) का निर्माण किया है। शोधकर्ताओं ने कई तस्वीरें तैयार करने के लिए सैजीटेरियस ए के हालिया एस्ट्रोफिजिकल मॉडल्स का उपयोग किया। इसके बाद ब्लैक होल का 360 डिग्री वीआर प्रतिरूप बनाने के लिए उन तस्वीरों को साथ रखा गया।

जर्नल कम्प्यूटेशनल एस्ट्रोफिजिक्स एंड कॉस्मोलॉजी में प्रकाशित शोध के अनुसार, यह प्रतिरूप व्यापक रूप से उपलब्ध वीआर कंसोल्स पर देखा जा सकता है।नीदरलैंड्स में रैडबौड यूनिवर्सिटी में शोध के करॉस्पोंडिंग लेखक जॉर्डी डावेलार ने कहा, हमारी वर्चुअल रिएलिटी प्रतिरूप ने ब्लैक होल्स के वातावरण की सबसे वास्तविक तस्वीर दी है। इससे हमें ब्लैक होल के व्यवहार को और समझने में सहायता मिलेगी।

दावेलार ने कहा, हमारे जीवन में एक ब्लैक होल की यात्रा करना असंभव है, ऐसे में इस तरह की स्थिति हमें इसके बारे में बेहतर समझदारी विकसित करने में सहायता कर सकती है।

## बिना डॉक्टरी सलाह के ना लें सर्दी-जुकाम की दवा, हो सकता है खतरा



लोग अक्सर सिरदर्द, फ्लू, वायरल, खांसी या दर्द होने पर बिना डॉक्टर की सलाह के दवा ले लेते हैं. इनमे कई एंटीबायोटिक भी होती हैं जिनका काम शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना होता है. एंटीबायोटिक दवाओं के बार-बार इस्तेमाल से शरीर पर उनका असर खत्म होने लगता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया पूर्व-एंटीबायोटिक युग की ओर बढ़ रही है जिसमें छोटी-छोटी बीमारी या जख्म भी मौत के कारण बन जाते थे. एंटीबायोटिक दवा बीमारी में खतरनाक बैक्टीरिया और वायरस को खत्म करती है, लेकिन इनके ज्यादा इस्तेमाल से दवा का असर कम होने लगता है. भारत के लिए स्थिति बेहद चिंताजनक है क्योंकि भारतीय बाजार में एंटीबायोटिक आसानी से उपलब्ध हैं. यहां आपको बिना किसी चिकित्सक के परामर्श के ही दवाएं दे दी जाती हैं. प्रतिरोधक क्षमता कम होने से कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों का हमला बढ़ जाएगा. अगर दवा बेअसर हो जाती है तो फ्लू, वायरल, खांसी जैसी आम बीमारी भी जानलेवा बन सकती है. यही नहीं, इलाज पर आने वाला खर्च भी कई गुना बढ़ सकता है. जानकारों की सलाह है कि एंटीबायोटिक और दूसरी दवाओं का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह पर ही करें.

एंटीबायोटिक, वायरल इंफेक्शन जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी ठीक नहीं करता, ऐसे में इन बीमारियों में इनका इस्तेमाल ना करें. एंटीबायोटिक का पूरा कोर्स करें, ऐसा नहीं करने पर इन्फेक्शन के बढ़ने का खतरा रहता है.

## जाह्नवी ने ईशान के साथ डेटिंग से किया इनकार

करण जौहर के चैट शो में में जाह्नवी कपूर और अर्जुन कपूर अगले मेहमान होंगे। दोनों के साथ करण जौहर की बातचीत काफी मजेदार होने वाली है। चैनल द्वारा शेयर किए गए प्रोमो में दोनों भाई-बहन कई पर्सनल बातें शेयर करते नजर आ रहे हैं। साथ ही दोनों ने एक-दूसरे की टांग खिंचाई भी की।



रैपिड फायर राउंड में करण जाह्नवी से पूछते हैं कि वह अपना कमरा कटरीना कैफ और दीपिका पादुकोण में से किसके साथ शेयर करना चाहेंगी। इसके जवाब में जाह्नवी दीपिका का नाम लेती हैं और कहती हैं कि दोनों साथ में साउथ इंडियन म्यूजिक सुन सकती हैं। अर्जुन जाह्नवी को चिढ़ाते हैं कि दीपिका थंगाबली बन जाएंगी। इसके बाद करण जाह्नवी से पूछते हैं कि क्या वह ईशान खट्टर को डेट कर रही हैं। ईशान के साथ डेटिंग के बारे में पूछे जाने पर जाह्नवी ने इस बात को सिरे से नकार दिया। इस पर अर्जुन अपनी असहमति जताते हैं और कहते हैं कि ईशान हमेशा जाह्नवी के आसपास रहते हैं। करण जौहर यही सवाल अर्जुन पर दाग देते हैं और उनसे पूछते हैं कि क्या वह सिंगल हैं।

## विकी डोनर 2 में काम करने जा रहे हैं आयुष्मान खुराना?

हाल में फिल्म बधाई हो और अंधाधुन की सफलता से ऐक्टर आयुष्मान खुराना सातवें आसमान पर हैं। इन दोनों ही फिल्मों में आयुष्मान के काम की काफी तारीफ की जा रही है। उनके केवल काम की ही नहीं बल्कि इसलिए भी तारीफ की जा रही है कि उनके फिल्मों का चुनाव बेहद अच्छा है।



वैसे यह बात तो तभी साबित हो गई थी जब आयुष्मान ने अपना बॉलिवुड डेब्यू विकी डोनर जैसी एकदम अलग तरह के सब्जेक्ट वाली फिल्म से किया था। यह फिल्म अभी भी दर्शकों को काफी पसंद आती है। कुछ दिनों पहले ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि इस फिल्म का सीक्वल भी आ सकता है। हालांकि अभी तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया है। जब इस बारे में आयुष्मान से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी तक उन्हें विकी डोनर के सीच्ल के बारे में कोई जानकारी नहीं है और अगर यह बनाया जाता है तो वह इसमें जरूर काम करना चाहेंगे। हालांकि आयुष्मान ने यह भी कहा कि अगर फिल्म के सीक्वल की स्क्रिप्ट पहली फिल्म जितनी अच्छी नहीं हुई तो सब बेकार हो जाएगा।